# GOVT. NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE KOTA
# DIST.-BILASPUR (C.G.)

# शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा
# जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

## NATIONAL SERVICE SCHEME
## राष्ट्रीय सेवा योजना

## REGULAR ACTIVITY : SESSION 2018-19
## नियमित गतिविधि : सत्र 2018-19

**Shitesh Jain**
Programme Officer, NSS
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

**B. L. Kashi**
Principal
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

# Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
## Dist.-Bilaspur (C.G.)


**NAAC accredited (Cycle-II) with CGPA 2.55 in September 2015**

| | | | |
|---|---|---|---|
| E-Mail ID. | : gnkckota@gmail.com | Telephone No | : 07753-253210 |
| Website | : https://gnkckota.ac.in | Special College Code | : 2809 |
| | | AISHE Code | : C-22387 |


======================================================================



**GOVT. NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE KOTA, DIST.-BILASPUR (C.G.)**

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**NATIONAL SERVICE SCHEME**

राष्ट्रीय सेवा योजना

**REGULAR ACTIVITY : SESSION 2018-19**

नियमित गतिविधि : सत्र 2018-19

| S. NO. (क्रमांक) | DATE (दिनांक) | NAME OF THE ACTIVITY (गतिविधि का नाम) | VENUE (कार्यक्रम स्थल) | ASSOCITE ORGAINZATION (सहभागी संगठन) | NO. OF PARTICIPENTS (सहभागियों की संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08.06.2018-11.07.2018 | SWATCCHH BHARAT SUMMER INTERNSHIP PROGRAMME | VILLAGE- LARIPARA CHERKABANDHA | | 10 |
| | | स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप कार्यक्रम | ग्राम-लारीपारा, छेरकाबांधा, वि.ख.-कोटा | | |
| 2 | 21.06.2018 | INTERNATIONAL YOGA DAY | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 42 |
| | | अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 3 | 16.07.2018 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 62 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 4 | 30.07.2018 | PLANTATION PROGRAMME | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 78 |
| | | वृक्षारोपण कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 5 | 08.08.2018 | GENDER SAMATA PRAHARI AND GENDI MAHOTAV PROGRAMME | BILASPUR | C.G. STSTE WOMEN'S COMMISSION | 8 |
| | | जेंडर समता प्रहरी एवं गेंडी महोत्सव कार्यक्रम | बिलासपुर | छ.ग. राज्य महिला आयोग. | |
| 6 | 11.08.2018 | CLEANLINESS DRIVE OF THE BOTANICAL GARDEN | COLLEGE CAMPUS | | 40 |
| | | वनस्पति उद्यान की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 7 | 15.08.2018 | INDEPENDENCE DAY | COLLEGE COMPUS | | 62 |
| | | स्वतंत्रता दिवस | महाविद्यालय परिसर | | |
| 8 | 20.08.2018 | BETI BACHAO BETI PADHAO PROGRAMME | COLLEGE CAMPUS | | 75 |
| | | बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | | |
| 9 | 25.08.2018 | SVEEP : DEBATE COMPETITION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 46 |
| | | स्वीप वाद विवाद प्रतियोगिता | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| | | SVEEP : DISCUSSION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 21 |
| | | स्वीप: परिचर्चा | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 10 | 27.08.2018 | SVEEP : LOKTANTRA BANDHAN PROGRAMME | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 45 |
| | | स्वीप : लोकतंत्र बंधन कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| | | DIGITAL LITERACY WORKSHOP | COLLEGE COMPUS | | 64 |
| | | डिजिटल साक्षरता कार्यशाला | महाविद्यालय परिसर | | |
| 11 | 29.08.2018 | LECTURE ON WATER BORNE DISEASE | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 85 |
| | | जल जनित रोग पर व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 12 | 01.09.2018 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 52 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं पोस्टर प्रतियोगिता | महाविद्यालय परिसर | | |
| | | SVEEP : POSTER COMPETITION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 5 |
| | | स्वीप : पोस्टर प्रतियोगिता | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 13 | 05.09.2018 | TEACHER'S DAY | COLLEGE COMPUS | | 58 |
| | | शिक्षक दिवस | महाविद्यालय परिसर | | |
| 14 | 06.09.2018 | SUKANYA SAMRIDDHI YOGNA : LECTURE | COLLEGE COMPUS | | 66 |
| | | सुकन्या समृद्धि योजना : व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | | |
| 15 | 08.09.2018 | SVEEP : QUIZ COMPETITION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 64 |
| | | स्वीप : प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 16 | 14.09.2018 | SVEEP : FORMATION OF A HUMAN CHAIN | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 68 |
| | | स्वीप : मानव श्रृंखला का आयोजन | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति, शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा | |
| | | HINDI DIWAS | COLLEGE COMPUS | HINDI DEPARTMENT | |

**GOVT. NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE KOTA, DIST.-BILASPUR (C.G.)**

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**NATIONAL SERVICE SCHEME**

राष्ट्रीय सेवा योजना

**REGULAR ACTIVITY : SESSION 2018-19**

नियमित गतिविधि : सत्र 2018-19

| **S. NO.** (क्रमांक) | **DATE** (दिनांक) | **NAME OF THE ACTIVITY** (गतिविधि का नाम) | **VENUE** (कार्यक्रम स्थल) | **ASSOCITE ORGAINZATION** (सहभागी संगठन) | **NO. OF PARTICIPENTS** (सहभागियों की संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हिन्दी दिवस | महाविद्यालय परिसर | हिन्दी विभाग | |
| 17 | 15.09.2018 | SWATCCHHATA HI SEVA ABHIYAAN | COLLEGE COMPUS | | 62 |
| | | स्वच्छता ही सेवा अभियान : स्वच्छता कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | | |
| 18 | 18.09.2018 | SVEEP : RANGOLI COMPETITION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 18 |
| | | स्वीप : रंगोली प्रतियोगिता | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 19 | 19.09.2018 | SVEEP : SLOGAN AND ESSAY WRITING COMPETITION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 32 |
| | | स्वीप : नारा लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 20 | 20.09.2018 | VOTER'S AWARENESS RALLEY | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 64 |
| | | मतदाता जागरूकता रैली | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 21 | 24.09.2018 | NSS FOUNDATION DAY & ORIENTATION PROGRAMME | COLLEGE COMPUS | | 68 |
| | | रा.से.यो. स्थापना दिवस एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | | |
| 22 | 29.09.2018 | SURGICAL STRIKE DAY | COLLEGE COMPUS | | 56 |
| | | सर्जिकल स्ट्राईक दिवस | महाविद्यालय परिसर | | |
| | | LECTURE ON SICKLE CELL ANAEMIA | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 40 |
| | | सिकल सेल एनीमिया पर व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 23 | 02.10.2018 | GANDHI JAYANTI AND CLEANLINESS DRIVE | COLLEGE COMPUS | | 48 |
| | | महात्मा गांधी जयंती एवं में स्वच्छता कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | | |
| 24 | 03.10.2018 | SVEEP: EVM & VVPAT MACHINE PRESENTATION | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 52 |
| | | स्वीप: ईवीएम और वीवीपीएटी मशीन प्रस्तुति | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 25 | 04.10.2018 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 64 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 26 | 12.10.2018 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 54 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 27 | 13.10.2018 | SVEEP : LECTURE ON MODEL CODE OF CONDUCT | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 50 |
| | | स्वीप : आदर्श आचार संहिता पर व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 28 | 17.10.2018 | VOTER AWARENESS PROGRAM AND CERTIFICATE DISTRIBUTION | BILASPUR | SVEEP COMMITTEE | 12 |
| | | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण | बिलासपुर | स्वीप समिति | |
| 29 | 26.10.2018 | CLEANLINESS DRIVE FORTHE COLLEGE GARDEN | COLLEGE COMPUS | | 48 |
| | | वनस्पति उद्यान की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 30 | 27.10.2018 | LECTURE ON BMI | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 58 |
| | | BMI पर व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 31 | 31.10.2018 | NATIONAL UNITY DAY | COLLEGE COMPUS | | 56 |
| | | राष्ट्रीय एकता दिवस | महाविद्यालय परिसर | | |
| | | CAREER GUIDANCE PROGRAMME | COLLEGE COMPUS | DAINIK BHASKAR GROUP | 73 |
| | | कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | दैनिक भास्कर समूह | |
| 32 | 03.11.2018 | CLEANLINESS DRIVE FOR TH COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 24 |
| | | क्रीडा मैदान की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |

**GOVT. NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE KOTA, DIST.-BILASPUR (C.G.)**

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**NATIONAL SERVICE SCHEME**

राष्ट्रीय सेवा योजना

**REGULAR ACTIVITY : SESSION 2018-19**

नियमित गतिविधि : सत्र 2018-19

| **S. NO.** (क्रमांक) | **DATE** (दिनांक) | **NAME OF THE ACTIVITY** (गतिविधि का नाम) | **VENUE** (कार्यक्रम स्थल) | **ASSOCITE ORGAINZATION** (सहभागी संगठन) | **NO. OF PARTICIPENTS** (सहभागियों की संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | 16.11.2018 | OATH TAKING FOR THE VOTER'S AWARENESS | COLLEGE COMPUS | REGIONAL OFFICE MINISTRY OF INFORMATION AND TECHNOLOGY AND SVEEP COMMITTEE | 58 |
| | | मतदाता जागरूकता शपथ | महाविद्यालय परिसर | सूचना और प्रसारण मंत्रालय, क्षेत्रीय प्रसार कार्यालय एवं स्वीप समिति, शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा | |
| 34 | 22.11.2018 | LECTURE ON ADOLESCENT HEALTH | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 56 |
| | | किशोर स्वास्थ्य पर व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 35 | 24.11.2018 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 52 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 36 | 08.12.2018 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 54 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 37 | 14.11.2018-20.11.2018 | NSS SEVEN DAY SPECIAL CAMP | VILLAGE-GOKULPUR | | 50 |
| | | रा.से.यो. सात दिवसीय विशेष शिविर | ग्राम-गोकुलपुर | | |
| 38 | 29.12.2018 | CLEANLINESS DRIVE OF THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 56 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 39 | 04.01.2019 | LECTURE IN NSS SPECIAL CAMP KOTRI | KOTRI | | 3 |
| | | एनएसएस विशेष शिविर कोटरी में व्याख्यान | कोटरी | | |
| 40 | 12.01.2019 | NATIONAL YOUTH DAY | COLLEGE COMPUS | | 62 |
| | | राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिवस) | महाविद्यालय परिसर | | |
| 41 | 19.01.2019 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 64 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| | | SUKANYA SAMRIDDHI YOGNA : LECTURE | COLLEGE COMPUS | | 62 |
| | | सुकन्या समृद्धि योजना : व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | | |
| 42 | 25.01.2019 | NATIONAL VOTERS DAY | COLLEGE COMPUS | SVEEP COMMITTEE | 54 |
| | | राष्ट्रीय मतदाता दिवस | महाविद्यालय परिसर | स्वीप समिति | |
| 43 | 26.01.2019 | REPUBLIC DAY | COLLEGE COMPUS | | 58 |
| | | गणतंत्र दिवस | महाविद्यालय परिसर | | |
| 44 | 28.01.2019 | DISCOURSE ON HEALTH AWARENESS : LECTURE ON TUBERCULOSIS | COLLEGE COMPUS | CHC KARGIKALA & YOUTH RED CROSS SOCIETY | 60 |
| | | स्वास्थ्य परिचर्चा : क्षय रोग पर व्याख्यान | महाविद्यालय परिसर | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करगीकला एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 45 | 31.01.2019 | CULTURAL PROGRAMME : ANNUAL FUNCTION | COLLEGE COMPUS | | 24 |
| | | सांस्कृतिक कार्यक्रम: वार्षिक स्नेह सम्मेलन | महाविद्यालय परिसर | | |
| 46 | 02.02.2019 | CLEANLINESS DRIVE ON THE COLLEGE CAMPUS | COLLEGE COMPUS | | 56 |
| | | महाविद्यालय परिसर की सफाई | महाविद्यालय परिसर | | |
| 47 | 07.02.2019 | NATIONAL TOBACCO CONTROL PROGRAMME | COLLEGE COMPUS | YOUTH RED CROSS SOCIETY | 52 |

**GOVT. NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE KOTA, DIST.-BILASPUR (C.G.)**

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**NATIONAL SERVICE SCHEME**

राष्ट्रीय सेवा योजना

**REGULAR ACTIVITY : SESSION 2018-19**

नियमित गतिविधि : सत्र 2018-19

| **S. NO.** (क्रमांक) | **DATE** (दिनांक) | **NAME OF THE ACTIVITY** (गतिविधि का नाम) | **VENUE** (कार्यक्रम स्थल) | **ASSOCITE ORGAINZATION** (सहभागी संगठन) | **NO. OF PARTICIPENTS** (सहभागियों की संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम | महाविद्यालय परिसर | यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी | |
| 48 | 10.02.2019 | BASANT PANCHAMI | COLLEGE COMPUS | | 51 |
| | | बसंत पंचमी | महाविद्यालय परिसर | | |
| 49 | 12.02.2019 | NSS B-CERTIFICATE EXAMINATION 2018-19 | COLLEGE COMPUS | | 52 |
| | | सत्र 2018-19 की रा.से.यो. बी-प्रमाण पत्र परीक्षा | महाविद्यालय परिसर | | |
| 50 | 16.02.2019 | LECTURE IN NSS SPECIAL CAMP OF ATAL BIHARI VAJPAYEE UNIVERSITY BILASPUR | TAKHATPUR | | 6 |
| | | अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के एनएसएस विशेष शिविर में व्याख्यान | तखतपुर | | |

**(Shitesh Jain)**
Programme Officer, NSS
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

**(B. L. Kashi)**
Principal
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

## DATE : 08.06.2018- 11.07.2018
## SWATCCHH BHARAT SUMMER INTERNSHIP PROGRAMME
## (स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप कार्यक्रम)




स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशीप : जनजागरूकता कार्यक्रम 27.07.2018
ग्राम–लारीपारा, वि.ख.–छेरकाबांधा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)







# स्वच्छता से ही होगा राष्ट्र का भविष्य सुनहरा : साहू



**करगीरोड- कोटा। नईदुनिया न्यूज**

स्वच्छता से ही राष्ट्र का सुनहरा भविष्य संभव है। हम सभी को स्वच्छता के प्रति ध्यान देना होगा तथा एक-दूसरे को जागरूक करना होगा। इससे ही हमारे गांव, घर स्वच्छ होंगे और हम कई बीमारियों से बचेंगे। उक्त बातें शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में एबीईओ एमएल साहू ने कही।

उन्होंने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा शिक्षित युवाओं को इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर उनके कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीएल काशी के मार्गदर्शन में एवं पीओ शितेष जैन के संयोजन में ग्राम लारीपारा में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में 30 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संकुल समन्वयक अनिल नामदेव एवं एचसी पटेल ने स्वयंसेवकों के द्वारा चलाए गए स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

# स्वच्छता से ही होगा राष्ट्र का सुनहरा भविष्य

**नवभारत रिपोर्टर। करगीरोड कोटा.**



स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक करने तथा शिक्षित युवाओं को इस स्वच्छता अभियान में शामिल कर उनके कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रभारी प्राचार्य प्रो. बी.एल. काशी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन के संयोजन में ग्राम लारीपारा, विख्रं.छेरकाबांधा में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में 30 स्वयंसेवकों ने भाग लिया. सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एम.एल. साहू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता से ही राष्ट्र का सुनहरा भविष्य संभव है. हम सभी को स्वच्छता के प्रति ध्यान देना होगा तथा एक दूसरे को जागरुक करना होगा. इस से ही हमारे गांव घर स्वच्छ होंगे और हम कई बीमारियों से बचेंगे. इसके पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक विकास कार्यों के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु रैली का आयोजन किया गया. स्वच्छता के नारे के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव की जानकारी दी गई. ग्रामवासियों के सहयोग से आंगनबाडी केन्द्र के समीप पानी की समुचित निकासी हेतु नाली की सफाई की गयी. इसके पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला लारीपारा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं क्यारियों का निर्माण किया गया. संकुल समन्वयक अनिल नामदेव एवं एच. सी. पटेल ने स्वयंसेवकों के द्वारा चलाए गए स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की. इस अवसर पर शास. प्राथमिक शाला छेरकाबांधा के प्रधान पाठक सुकदेव कश्यप एवं शास. प्राथमिक शाला लारीपारा के प्रधान पाठक रोशन कुमार दुबे, शाला समन्वय समिति के अध्यक्ष पंचराम साहू, रामकुशल साहू, गंगाराम साहू, भागवत साहू, जूठेलराम, राजकुमार साहू, रामबाई, मोंगराबाई, विद्यालय के शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं रासेयो के स्वयंसेवकों का सक्रिय सहयोग रहा.

# DATE : 21.06.2018
# INTERNATIONAL YOGA DAY
## (अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस)











**INTERNATIONAL YOGA DAY 21.06.2018**
**GOVT. NIRANJAN KESHARWANI COLLEGE KOTA**

**DATE : 21.06.2018**


**INTERNATIONAL YOGA DAY**

**(अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस)**

# आरोग्य और विचारों की शुद्धता का है श्रेष्ठ माध्यम : काशी

**करगीरोड- कोटा।** योग एक आध्यात्मिक प्रकिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। योग मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकारों को दूर करता है और जीवन को सुखमय बनाता है। उक्त बातें योग दिवस के अवसर पर शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज में सामूहिक योग कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने कही। मुख्य योग प्रशिक्षक प्रो. वाईके उपाध्याय एवं डॉ. सपना पवार के मार्गदर्शन में योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सहित विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया गया। प्रो. उपाध्याय ने बताया कि योग से न केवल शरीर स्वस्थ रह जा सकता है बल्कि कार्यक्षमता एवं एकाग्रता में भी वृद्धि होती है। इसके बाद विभिन्न योगसान किया गया। अंत में संकल्प एवं शांति पाठ के साथ योगासन सत्र का समापन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए कालेज में समय-समय पर विविध कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। आयोजन को सफल में क्रीड़ाधिकारी उल्लसा भुरंगी, प्राध्यापक किशोर मिंज, डॉ. जेके द्विवेदी, बीके त्रिपाठी, वीपी मिंज, डा. संजू पांडेय, डा. केपी नामदेव, शांतनु घोष, ग्रंथपाल डॉ. श्रीकांत मोहरे सहित अन्य शामिल रहे।





## करगीकला में बच्चों ने लिया भाग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करगीकला में योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने योगासन सत्र में भाग लिया। योग अभ्यास प्रशिक्षक डी आर यादव ने दस चरण में योग कराया गया। अंत में शांति पाठ किया गया। इस अवसर पर पंच, सरपंच, छात्र-छात्राओं के साथ ही प्राचार्य एसडी मानिकपुरी, व्याख्याता एके पांडेय,एके.गुप्ता, एके वर्मा,जीआर राजपूत, पी.चेल्से, सविता गुप्ता, प्रकाश राव, प्रतिभा पांडेय, भुवन भास्कर के साथ ही प्रधानपाठक एमआर रजक, सुषमा मिश्रा, स्वप्निल तिवारी, गिरधारी सोनी ,सीबी पंद्राम, मेघा ठाकुर, घनश्याम यादव सहित कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**DATE : 30.07.2018**

**PLANTATION PROGRAMME**

**(वृक्षारोपण कार्यक्रम)**




वृक्षारोपण कार्यक्रम : 30.07.2018

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

# वृक्ष हमारी संस्कृति के संरक्षक : राठौर



कोटा। वृक्ष मित्र परिकल्पना व हरिहर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना व रेडक्रास यूथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज में 200 फलदार और छायादार पौधे रोपे। इनमें आंवला, जामुन, आम, अमरूद, नींबू, सीताफल, बेल, मुनगा, कटहल, इमली, नीम, हर्रा, पीपल और बरगद के पौधे हैं। प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीएल काशी व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कोटा एसडीएम कीर्तिमान राठौर थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने पौधारोपण जरूरी है। प्रो. काशी ने कहा पौधों में औषधीय गुणों के साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने की अपार क्षमता है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. संजू पाण्डेय ने विद्यार्थियों ने पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक किशोर मिंज, वायके उपाध्याय, उल्लास भुरंगी, डॉ. एसके मोहरे, डॉ. सपना पवार, डॉ. जेके द्विवेदी, बीके त्रिपाठी, व्हीपी मिंज, डॉ. केपी नामदेव, ऋषभ चौबे, सीके पटेल, डॉ. नीलम त्रिवेदी, शांतनु घोष सहित कॉलेज के स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**DATE : 08.08.2018**

**GENDER SAMATA PRAHARI AND GENDI MAHOTAV PROGRAMME**

**(जेंडर समता प्रहरी एवं गेंडी महोत्सव कार्यक्रम)**








**DATE : 15.08.2018**
**INDEPENDENCE DAY**
**(स्वतंत्रता दिवस)**








**DATE : 20.08.2018**

**BETI BACHAO BETI PADHAO PROGRAMME**

**(बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम)**



**DATE : 25.08.2018**

**SVEEP : DEBATE COMPETITION**

**(स्वीप वाद विवाद प्रतियोगिता)**



**DATE : 25.08.2018**

**SVEEP : DISCUSSION**

**(स्वीप: परिचर्चा)**





**DATE : 27.08.2018**

**SVEEP : LOKTANTRA BANDHAN PROGRAMME**

**(स्वीप : लोकतंत्र बंधन कार्यक्रम)**









**DATE : 27.08.2018**

**DIGITAL LITERACY WORKSHOP**

**(डिजिटल साक्षरता कार्यशाला)**



**DATE : 01.09.2018**

**SVEEP : POSTER COMPETITION**

**(स्वीप : पोस्टर प्रतियोगिता)**



**DATE : 05.09.2018**

**TEACHER'S DAY**

**(शिक्षक दिवस)**






**DATE : 06.09.2018**

**SUKANYA SAMRIDDHI YOGNA : LECTURE**

**(सुकन्या समृद्धि योजना : व्याख्यान)**






**DATE : 08.09.2018**

**SVEEP : QUIZ COMPETITION**

**(स्वीप : प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता)**






**DATE : 15.09.2018**

**SWATCCHHATA HI SEVA ABHIYAAN**

**<u>(स्वच्छता ही सेवा अभियान : स्वच्छता कार्यक्रम)</u>**






# स्वच्छता भारतीय संस्कृति और परम्परा का अभिन्न हिस्सा : काशी

**कोटा.** शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज कोटा के विद्यार्थियों के द्वारा विगत दिवस स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्य संपन्न किये गये. प्राचार्य बी.एल. काशी ने कहा कि स्वच्छता भारतीय संस्कृति और परम्परा का एक अभिन्न हिस्सा है. स्वच्छता अभियान में हम सबकी अहम भूमिका है. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस सफाई अभियान का हिस्सा बनने के लिये आमंत्रित किया. साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने और प्लास्टिक की संख्या को कम करने की जरूरत पर विशेष बल दिया. कार्यक्रम अधिकारी सीतेश जैन ने बताया



कि सर्वप्रथम कॉलेज परिसर में उग आए जंगली बनतुलसा के पौधों का उन्मूलन किया गया. इसके उपरान्त क्रीड़ा मैदान की सफाई की गयी. इस जन जागरूकता कार्यक्रम में छात्र छात्राओं, रासेयो स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही.

**DATE : 18.09.2018**

**SVEEP : RANGOLI COMPETITION**

**(स्वीप : रंगोली प्रतियोगिता)**









**DATE : 19.09.2018**

**SVEEP : SLOGAN AND ESSAY WRITING COMPETITION**

**(स्वीप : नारा लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता)**






# DATE : 20.09.2018
# VOTERS AWARENESS RALLY
# (मतदाता जागरूकता रैली)






**DATE : 20.09.2018**

**VOTERS AWARENESS RALLY**

**(मतदाता जागरूकता रैली)**

# मतदान से ही मजबूत होगा हमारा लोकतंत्र

कोटा। नईदुनिया न्यूज

छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर और चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर प्राचार्य बीएल काशी ने कहा कि किसी भी चुनाव में सबसे अहम किरदार मतदाता का होता है, क्योंकि उन्ही मतों से सरकार बनती है और सभी मतदाताओं को अपने मत का चुनाव में उपयोग करना चाहिए, तभी मजबूत लोकतंत्र का सपना पूरा होगा। स्वीप प्रभारी ऋषभ चौबे ने बताया कि संविधान में लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रत्येक नागरिक को अधिकार दिया गया है। सभी को मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। रैली में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सभी को चुनाव में मतदान करने की अपील की। विद्यार्थी नारे लगाते हुए और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए पोस्टर और बैनर के साथ कॉलेज परिसर से कोटसागरपारा, रेलवे स्टेशन, पड़ावपारा होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। कार्यक्रम प्रभारी शितेष जैन ने बताया कि मतदाता और उसका मत ही किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र का मूल आधार होता है। रैली में छात्र-छात्राओं, रासेयो स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों कर्मचारी शामिल रहे।

# मतदान से ही पूरा होगा मजबूत लोकतंत्र का सपना : काशी




■ नवभारत रिपोर्टर। कोटा.

छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर और चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया. प्राचार्य बी.एल. काशी ने कहा कि किसी भी चुनाव में सबसे अहम् किरदार मतदाता का होता है, क्योंकि उन्ही मतों से सरकार बनती है और सभी मतदाताओं को अपने मत का चुनाव में उपयोग करना चाहिए, तभी मजबूत लोकतंत्र का सपना पूरा होगा. स्वीप प्रभारी ऋषभ चौबे ने बताया कि संविधान में लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रत्येक नागरिक को अधिकार दिया गया है. सभी को मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए. इस रैली में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सभी को चुनाव में मतदान करने की अपील की. नारे लगाते हुए और मतदान को प्रेरित करते हुए पोस्टर और बैनर के साथ यह रैली महाविद्यालय परिसर से कोटसागरपारा, रेलवे स्टेशन, पड़ावपारा होते हुए बस स्टैण्ड तक आयोजित की गयी. कार्यक्रम प्रभारी शितेष जैन ने बताया कि मतदाता और उसका मत ही किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र का मूल आधार होता है. इस जनजागरूकता रैली में छात्र छात्राओं, रासेयो स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं मीडिया के साथियों की सराहनीय भूमिका रही.

## मतदान के नारे के साथ अधिकारियों ने किया नगर भ्रमण




**पथरिया-** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देष एवं स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से मतदाता जागरूकता रथ शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचा जिसे आगे बढ़ाते हुए विकास खण्ड के सैकड़ो अधिकारी कर्मचारी रैली की शक्ल में नगर भ्रमण किये और नारों के माध्यम से नागरिकों को मतदान करने प्रेरित किये, अधिकारी कर्मचारी हाथों में तख्ती लिये, रखबों मुंगेली के मान सब्बोझन करबो मतदान, के नारे लगा रहे थे.

**सौ फीसदी मतदान का लक्ष्य** -पिछले विधान सभा चुनाव में क्षेत्र के साथ-साथ जिले का मतदान प्रतिशत लगभग 72 प्रतिशत रहा जिसे इस वर्ष सौ फीसदी मतदान प्रतिशत तक लाने के लक्ष्य के साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जनपद सीईओ. कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतों में छात्रा छात्राएं, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वसेवी संगठनों के माध्यम से मतदाताओं को अपना मत देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. सभी का लक्ष्य बूथों में सौ फीसदी मतदान का प्रयास करना है.

**DATE : 24.09.2018**

# NSS FOUNDATION DAY & ORIENTATION PROGRAMME

## (रा.से.यो. स्थापना दिवस एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम)




# राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर सेवा का लेना चाहिए संकल्प

**करगीरोड- कोटा।नईदुनिया न्यूज**

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना का दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इसमें स्वयंसेवकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम में उन्होंने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. बीएल काशी ने कहा हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर मानव सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा मानव सेवा एवं युवा प्रेरणा के प्रतीक स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। उन्होंने रासेयो स्थापना दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र के विकास का आइना होते हैं। आज भी हमारे समाज में अशिक्षा, अज्ञानता एवं कुरीतियों का बोलबाला है। ऐसी स्थिति में युवाओं का दायित्व है कि वे इन्हें दूर करने में अपना योगदान दें। राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेके द्विवेदी ने स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके कर्तव्यों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को रासेयो का महत्व समझाते हुए कहा कि हमें रासेयो के सदस्य के रूप में गौरवान्वित होना चाहिए और राष्ट्रीय सेवा के कार्यक्रमों से जुड़कर समाज की आवश्यकताओं एवं कठिनाइयों का अध्ययन कर उसके समाधान की ओर अग्रसर होना चाहिए। कॉलेज के पीओ शितेष जैन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित विविध गतिविधियों का उल्लेख करते हुए बताया कि रासेयो का मूल लक्ष्य समाज सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने आचरण और अनुशासन में संतुलन बनाए रखने की बात कही। स्वीप प्रभारी प्रो. ऋषभ चौबे ने विविध कार्यक्रमों की जानकारी दिया।






# DATE : 29.09.2018
# SURGICAL STRIKE DAY
# (सर्जिकल स्ट्राईक दिवस)






**DATE : 29.09.2018**
**SURGICAL STRIKE DAY**
**(सर्जिकल स्ट्राईक दिवस)**

# सर्जिकल स्ट्राइक में भारतीय सेना ने दिया साहस का परिचय : काशी

करगीरोड-कोटा।नईदुनिया न्यूज

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में सर्जिकल स्टाइक की वर्षगांठ पर शनिवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।

प्राचार्य बीएल काशी ने वर्ष 2016 में उरी हमले में शहीद हुए सिपाहियों का श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने बताया भारतीय सेना के जांबाजों द्वारा दुश्मनों के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर एवं उन्हें ध्वस्त कर सुरक्षित वापस आना अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय है। भारत ही वह देश है, जो धैर्य



करगीरोड-कोटा।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

और शांति में विश्वास रखता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर दुश्मनों को अपने पराक्रम का भी परिचय दे सकता है। राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेके द्विवेदी ने विद्यार्थियों को सर्जिकल स्ट्राइक और जम्मू कश्मीर की भौगोलिक स्थिति पर जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों का बलिदान को नहीं भूलना चाहिए, जिनके बलिदानों के बल पर ही आज हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

# जवानों ने दिया साहस और पराक्रम का परिचय : काशी

## सर्जिकल स्ट्राइक की वर्षगांठ को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया

नवभारत रिपोर्टर। करगीरोड कोटा.

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में बीते वर्ष 29 सितम्बर को हुए सर्जिकल स्टाइक की वर्षगांठ को शनिवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया. प्राचार्य बी.एल. काशी ने वर्ष 2016 में उरी हमले में शहीद हुए सिपाहियों का श्रद्धासुमन अर्पित किए. उन्होंने बताया भारतीय सेना के जांबाजों द्वारा दुश्मनों के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर एवं उन्हें ध्वस्त कर सुरक्षित वापस आना अदम्य साहस और पराक्रम



का परिचय है. भारत ही वह देश है, जो धैर्य और शांति में विश्वास रखता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर दुश्मनों को अपने पराक्रम का भी परिचय दे सकता है. राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जे. के द्विवेदी ने विद्यार्थियों को सर्जिकल स्ट्राइक और जम्मू कश्मीर की भौगोलिक स्थिति पर जानकारी दी. उन्होंने बताया गया कि हमारे देश के जवान हमारी रक्षा के लिए किन कठिनाइयों के साथ दुश्मनों का मुकाबला करते हैं. इसके लिए कमांडोज को विशेष प्रकार की ट्रेनिंग दी जाती है और अभियान की जानकारी गोपनीय रखी जाती है. कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों का बलिदान को नहीं भूलना चाहिए, जिनके बलिदानों के बल पर ही आज हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है. इसके पश्चात छात्र छात्राओं ने भारत माता की जयकार करते हुए देश की एकता और अखण्डता का संकल्प लिया. कार्यक्रम का संचालन प्रो.शांतनु घोष ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

**DATE : 29.09.2018**

**LECTURE ON SICKLE CELL ANAEMIA**

**(सिकल सेल एनीमिया पर व्याख्यान)**





**DATE : 02.10.2018**

**GANDHI JAYANTI AND CLEANLINESS DRIVE**

**<u>(महात्मा गांधी जयंती एवं में स्वच्छता कार्यक्रम)</u>**








## DATE : 03.10.2018
## SVEEP: EVM & VVPAT MACHINE PRESENTATION
## (स्वीप: ईवीएम और वीवीपीएटी मशीन प्रस्तुति)





**DATE : 13.10.2018**

**SVEEP : LECTURE ON MODEL CODE OF CONDUCT**

**(स्वीप : आदर्श आचार संहिता पर व्याख्यान)**







**DATE : 17.10.2018**

**VOTER AWARENESS PROGRAM AND CERTIFICATE DISTRIBUTION**

**(मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण)**






**DATE : 31.10.2018**
**NATIONAL UNITY DAY**
**(राष्ट्रीय एकता दिवस)**




# निरंजन केशरवानी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



■ नवभारत रिपोर्टर। कोटा.

शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज कोटा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर प्राचार्य बी.एल. काशी के द्वारा कॉलेज के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को को राष्ट्र की एकता को बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान सुनिश्चित करने को लेकर शपथ दिलाई और सरदार वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा, एकता एवं तज्ञता को याद किया. इसके पश्चात राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जे.के. द्विवेदी ने सरदार पटेल के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता के द्वारा संभव हुए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भारत को आजादी मिलने के पश्चात हमारे देश में 500 से अधिक देशी रियासतें थी. सभी रियासते अपनी सुविधानुसार अपना शासन चाहते थे. सबको आपस में मिलकर एक देश का गठन करना बहुत ही मुश्किल था, लेकिन लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सुझबुझ और इन रियासतों के प्रति अपनी स्पष्ट नीति के चलते भारत का एकीकरण संभव हो सका. इस अवसर पर प्राध्यापक किशोर मिंज, डॉ. सपना पवार, वीपी मिंज, डॉ. संजू पाण्डेय, डॉ. केपी.नामदेव, ऋषभ देव चौबे, चन्द्रकला पटेल, शांतनु घोष, पूजा शर्मा, क्रीड़ाधिकारी उल्लसा भुरंगी, डॉ. शमशाद अंसारी, विनोद अहिरवार, गरिमा देव पुजारी, योगेश गुप्ता, समस्त कर्मचारी, विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया.

# DATE : 31.10.2018
# CAREER GUIDANCE PROGRAMME
# <u>(कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम)</u>









**DATE : 16.11.2018**

**OATH TAKING FOR THE VOTER'S AWARENESS**

**(मतदाता जागरूकता शपथ)**









**DATE : 22.11.2018**

**LECTURE ON ADOLESCENT HEALTH**

**(किशोर स्वास्थ्य पर व्याख्यान)**






# स्वास्थ्य शिविर में किशोरों को किया गया जागरूक

**बिलासपुर। नईदुनिया न्यूज**

कलेक्टर डॉ.संजय अलंग के निर्देश पर शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। इसके साथ ही बिल्हा ब्लॉक के ग्राम उड़नताल में ग्राम स्तर पर सरपंच, पंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीडीपीओ, एएनएम, मितानिन एवं किशोर एवं किशोरियां उपस्थित रहीं।

शिविर में 10 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों को पोषण सुधार, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, असंचारी रोग, लिंग आधारित हिंसा, नशीले पदार्थों का सेवन से हानि एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य केंन्द्रों का संचालन, साप्ताहिक आयरन, कृमिनाशक दवाओं के सेवन जैसे घटकों का संचालन किया जाता है। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ सहयोग के लिए सेंटर फॉर केटालिंजिंग चेंज संस्था कार्य कर रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीबी. बोर्डे ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत आगामी माह में लगभग 666 नवीन पियर एजुकेटरों का चयन कर सेंटर फॉर केटालिंजिंग चेंज के सहयोग से छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



बिलासपुर। शिविर में शामिल छात्राएं।

**DATE : 04.01.2019**

**LECTURE IN NSS SPECIAL CAMP KOTRI**

**(एनएसएस विशेष शिविर कोटरी में व्याख्यान)**



**DATE : 12.01.2019**

**NATIONAL YOUTH DAY**

**(राष्ट्रीय युवा दिवस)**









# युवा वही है जो हमेशा प्रगतिशील विचारों पर चलता है : काशी

नवभारत रिपोर्टर। कोटा.

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया. सर्वप्रथम स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. बी एल काशी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि आप युवा हैं या बूढ़े हैं, ये इससे तय नहीं होता कि आपकी उम्र क्या है या आप किस साल पैदा हुए थे. युवा वही कहलाता है जो हमेशा प्रगतिशील विचारों और आदर्शों पर चलता है और सत्य को खोजने को तैयार है. आज हमारा भाग्य हमारे हाथों में है क्योंकि भारत की सत्तर फ़ीसदी जनसंख्या की आयु पच्चीस वर्ष से कम है. उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानन्द के वचन उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये के अनुसरण की बात कही. प्रो.किशोर मिंज, ने स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर संस्कारित बनने व समृद्ध भारत के निर्माण की प्रेरणा दी. डॉ. जे के द्विवेदी ने युवाओं से स्वामी विवेकानन्द के विचारों को आत्मसात कर नैतिकता, अनुशासन एवं परोपकार आदि गुणों के विकास की बात कही. डॉ नीलम त्रिवेदी ने युवाओं से अपने दृष्टिकोण का विकास कर सत्य-असत्य, लौकिक-पारलौकिक, भौतिकवाद-व्यवहारिकता में भेद को समझने के स्वामी विवेकानन्द के दर्शन को प्रस्तुत किया. कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि स्वामी विवेकानंद देश और दुनिया सर्वश्रेष्ठ दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं उपदेशक थे. युवाओं को नई दिशा दिखाने, सही और गलत की पहचान करने, जीवन में कुछ करने के लिए जज्बे हेतु स्वामी विवेकानंद जी का आदर्श जीवन एवं विचार प्रेरणा स्रोत हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानन्द के पदचिन्हों पर चलते हुए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र, एवं तप के लक्षणों को विकसित करने की अपील की.



# युवा वही जो हमेशा प्रगतिशील विचारों और आदर्शों पर चलता है: प्रो. काशी

भास्कर संवाददाता | करगीरोड-कोटा

शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने बताया कि आप युवा हैं या बूढ़े हैं, ये इससे तय नहीं होता कि आपकी उम्र क्या है या आप किस साल पैदा हुए थे। युवा वही कहलाता है, जो हमेशा प्रगतिशील विचारों और आदर्शों पर चलता है और सत्य को खोजने को तैयार है। प्रो. किशोर मिंज ने स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर संस्कारित बनने और समृद्ध भारत के निर्माण की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन, डॉ. जेके द्विवेदी व डॉ. नीलम त्रिवेदी ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर नैतिकता, अनुशासन व परोपकार आदि गुणों के विकास की बात कही। इसके बाद जलेश्वर मरावी, नीलेश पालके व योगेश कुंभकार ने रासेयो का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। नीलकिरण दुबे, विभा साहू, लोकेश साहू, मनीष गंधर्व, अशफाक खान, अखिलेश साहू, संदीप मिश्रा, शीतल जगत, कौशिल्या मानिकपुरी ने स्वामी जी के दर्शन व युवाओं के लिए उनके संदेशों को गीत व प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके बाद ग्राम गोकुलपुर में आयोजित सात दिन शिविर में सहभागी के 50 स्वयंसेवकों व भारतीय लोक प्रशासन संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में चयनित छात्रा शीतल जगत को सम्मानित किया गया।

**DATE : 19.01.2019**

**SUKANYA SAMRIDDHI YOGNA : LECTURE**

**(सुकन्या समृद्धि योजना : व्याख्यान)**






**DATE : 25.01.2019**

**NATIONAL VOTERS DAY**

**(राष्ट्रीय मतदाता दिवस)**








**DATE : 26.01.2019**

**REPUBLIC DAY**

**(गणतंत्र दिवस)**






## DATE : 28.01.2019
## DISCOURSE ON HEALTH AWARENESS : LECTURE ON TUBERCULOSIS
## (स्वास्थ्य परिचर्चा : क्षय रोग पर व्याख्यान)














# कोटा महाविद्यालय में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

**कोटा.** शास. निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा के रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में 28 जनवरी को विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप की जाँच की गई. शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करगीकला के चिकित्सक डॉ. अमित दुबे द्वारा महा. के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के मध्य किषोरवय स्वास्थ्य परामर्श की जानकारी दी गई. प्राचार्य प्रो. बी एल काशी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि आज की परिचर्चा में डॉ. अमित दुबे द्वारा दी जाने वाली जानकारी विद्यार्थियों के लिए जीवनोपयोगी एवं ज्ञानवर्धक होगी. इस तरह का आयोजन महाविद्यालय में प्रतिवर्ष होते




रहे है. शिविर के माध्यम से डॉ. अमित दुबे द्वारा किशोर स्वास्थ्य के अंतर्गत आने वाले 10 से 19 आयु वर्ग के विद्यार्थियों को उसके विभिन्न घटकों यथा पोषण आहार, लिंग आधारित भेदभाव, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य, नषीले पदार्थों के सेवन का किशोर स्वास्थ्य पर प्रभाव, गैर संचारी रोग, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी प्रदान की गयी. इस आयु वर्ग के किशोर किशोरियों अपने स्वास्थ्य, शारीरिक बदलाव इत्यादि संबंधी विभिन्न भ्रान्तियों के निराकरण हेतु इस क्लिनिक में प्रति दिवस आकर उचित सलाह एवं मार्गदर्षन प्राप्त कर सकते है. इस क्लिनिक का उददेश्य किशोर उम्र के बच्चों में स्वास्थ्यगत भ्रान्ति, शंकाओं एवं विभिन्न सवालों का उचित सलाह के माध्यम से निराकरण करना है. यह जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है. इस स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से संजय गुहा, फार्मासिस्ट एवं संजय वर्मा, एमएलटी ने उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. जे.के. द्विवेदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. संजू पाण्डेय के द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

**DATE : 31.01.2019**

**CULTURAL PROGRAMME : ANNUAL FUNCTION**

**(सांस्कृतिक कार्यक्रम: वार्षिक स्नेह सम्मेलन)**













**DATE : 31.01.2019**

**CULTURAL PROGRAMME : ANNUAL FUNCTION**

**(सांस्कृतिक कार्यक्रम: वार्षिक स्नेह सम्मेलन)**

# निरंजन केशरवानी कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

नवभारत रिपोर्टर। कोटा.



शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में वार्षिक स्नेह समेलन डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के प्राचार्य डॉ.मनीष उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ. मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया. डॉ. मनीष उपाध्याय ने सभी को वार्षिक स्नेह सम्मेलन की बधाई देते हुए अपने उदबोधन में बताया कि सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आयोजनों से विद्यार्थियों का सकारात्मक विकास होता है. उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की वालीबाल खिलाड़ी अरूणिमा सिन्हा का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि जिस तरह से एक ट्रेन दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने के बाद भी अरूणिमा ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस के बल पर माऊण्ट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की थी उसी प्रकार सकारात्मक सोच और मजबूत इरादों के साथ विद्यार्थी भी कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर कर सकते हैं. प्राचार्य बी.एल. काशी ने बताया कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाना होता है ताकि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नृत्य, गीत, संगीत आदि के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकें.

गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वाई.के. उपाध्याय ने कालेज की इस शैक्षणिक सत्र की विभिन्न उपलब्धियों और संपादित गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की. विद्यार्थियों ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति को लोक गीत, नृत्य एवं संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया तथा दहेज प्रथा एक अभिशाप, नशामुक्ति पर लघु नाटक के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुतियां दी. रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सीतेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विधाओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. एकल गायन में रितु सोनी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. समूह गायन में मोहन लाल साहू एवं रमा राजपूत, एकल नृत्य में कौशिल्या मानिकपुरी, समूह नृत्य में शीतल जगत एवं साथी विजेता रहे. शशि बंजारे एवं साथियों के द्वारा प्रस्तुत दहेज प्रथा एक अभिशाप विषय पर नाटक को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया. कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शांतनु घोष एवं कॉलेज की छात्रा लक्ष्मी साहू तथा जैस्मीन खान के द्वारा किया गया. प्राचार्य बी.एल. काशी ने सभी छात्र- छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

# लक्ष्य प्राप्त करने मजबूत रखें इरादे : डा. मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करगी रोड कोटा

शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के प्राचार्य डा. मनीष उपाध्याय रहे, अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने की।

इस अवसर पर डा. उपाध्याय ने कहा कि सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आयोजनों से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की वालीबाल खिलाड़ी अरूणिमा सिन्हा का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से एक ट्रेन दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने के बाद भी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस के बल पर माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त की थी, उसी प्रकार सकारात्मक सोच भी कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर कर सकते हैं। प्राचार्य बीएल काशी ने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाना होता है, ताकि देश की गीत, संगीत आदि के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सके। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वायके उपाध्याय ने कॉलेज की इस शैक्षणिक सत्र की विभिन्न उपलब्धियों और संपादित गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी



स्नेह समेलन में शामिल विद्यार्थी व अन्य।

## दहेजप्रथा पर प्रहार

स्नेह सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसमें स्थानीय संस्कृति पर केंद्रित लोक गीत, नृत्य प्रस्तुत किए गए। नाटकों के माध्यम से दहेज प्रथा और दुर्व्यसन पर प्रहार किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शांतनु घोष एवं कॉलेज की छात्रा लक्ष्मी साहू तथा जैस्मीन खान ने किया।

## प्रतिभागी पुरस्कृत

रोसेयो के कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने कहा कि विभिन्न विधाओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एकल गायन में रितु सोनी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। समूह गायन में मोहन लाल साहू एवं रमा राजपूतए एकल नृत्य में कौशिल्या मानिकपुरीए समूह नृत्य में

बिलासपुर भूमि 05-02-2019
http://epaper.haribhoomi.com/
हरिभूमि

**DATE : 07.02.2019**

**NATIONAL TOBACCO CONTROL PROGRAMME**

**(राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम)**









**DATE : 07.02.2019**

**NATIONAL TOBACCO CONTROL PROGRAMME**

**(राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम)**

# तंबाकू से खतरा, लोगों को किया सचेत



करगीरोड- कोटा। तंबाकू नियंत्रण में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थी।

**करगीरोड- कोटा। नईदुनिया न्यूज**

शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज कोटा में जिला स्वास्थ्य समिति, यूथ रेडक्रास सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

इसमें सीएचसी रतनपुर के हेल्थ काउंसलर सूर्यप्रकाश जायसवाल ने पॉवर पाइंट द्वारा तंबाकू सेवन से मानव शरीर में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं इससे होने वाली हानियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से न केवल कैंसर होता है बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, क्षयरोग, लकवा, दमा, फेफड़े संबंधी बीमारियां आदि होती है इससे असमय मौत हो जाती है। अगर गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो उसके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु भी हो सकती है। आज के दौर में अधिकाशंत: लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन से हो रही है। युवा पीढ़ी सबसे अधिक शिकार हो रहे हैं। इन सभी बीमारियों से बचने एवं जनजागरूकता लाने के लिये भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण एवं धूम्रपान से संबंधित कोटपा एक्ट 2003 में पारित किया है। इसके अंतर्गत तंबाकू के खुले बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध, तंबाकू से संबंधित उत्पाद के पैकेट पर 85 प्रतिशत भाग पर चित्रात्मक वैधानिक चेतावनी, नाबालिग को तंबाकू उत्पादों के बिक्री व खरीदी पर दंडात्मक कार्रवाई, शिक्षण संस्थान के सौ फीट के दायरे पर तंबाकू बिक्री पर दंडात्मक कार्रवाई आदि अनिवार्य किया गया है। रेडक्रास प्रभारी डॉ. संजू पांडेय ने बताया कि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की एक सराहनीय पहल है कि कॉलेज के बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के बारे में बताया। एनएसएस के पीओ शितेष जैन ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के नशे की आदत से दूर रहें तथा अपने परिवार के उन सदस्यों को स्वास्थ्य केंद्र में स्थित परामर्श केंद्र अवश्य भेजें जो तंबाकू का सेवन करते हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू नियंत्रण से संबंधित जनजागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई इसमें बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा पार्वती ने प्रथम स्थान, मंजू टोप्पो ने द्वितीय स्थान एवं अखिलेश विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेके द्विवेदी के द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएचसी रतनपुर के स्नत जायसवाल, कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं रासेयो के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

नईदुनिया @ Business Portal
For Advertisement Booking Please Contact
9752598921

**DATE : 10.02.2019**

**BASANT PANCHAMI**

**(बसंत पंचमी)**











**DATE : 12.02.2019**

**NSS B-CERTIFICATE EXAMINATION 2018-19**

**(सत्र 2018-19 की रा.से.यो. बी-प्रमाण पत्र परीक्षा)**





**DATE : 16.02.2019**

**LECTURE IN NSS SPECIAL CAMP OF**

**ATAL BIHARI VAJPAYEE UNIVERSITY BILASPUR**

**(अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के एनएसएस विशेष शिविर में व्याख्यान)**







**(Shitesh Jain)**
Programme Officer, NSS
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

**(B. L. Kashi)**
Principal
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)